लिए केन्द्रीय सरकार अहिन्दी भाषी राज्य सरकारों को माध्यमिक, उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में हिन्दी अध्यापकों की नियुक्ति के लिए तथा हिन्दी अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना के लिए, 100 प्रतिशत आधार पर वित्तीय सहायता देती है।

इस आधार पर गत तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार को इन प्रयोजनों के लिए दिया गया कुल अनुदान निम्नलिखित है :

1967-68	50,500 रु०
1968-69	3,56,000 रु०
1969-70	4,75,000 रु०

पश्चिम बंगाल में हिन्दी अध्यापकों के वेतनमान तथा ग्रेड

3667. **श्री राम किशन गुप्त** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम बंगाल में त्रि-भाषी सूत्र के अन्तर्गत हिन्दी अध्यापन कार्य के लिए नियुक्त अध्यापकों तथा अन्य अध्यापकों के ग्रेडों तथा वेतनमानों में अन्तर होने के कारण क्या है ;

(ख) पश्चिम बंगाल में हिन्दी अध्यापकों की तदर्थ आधार पर नियुक्ति करने के कारण क्या हैं ; और

(ग) क्या इन अध्यापकों की तदर्थ नियुक्ति के कारण इन्हें भविष्य निधि और अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जाता है ?

शिक्षा यथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (ग). पश्चिम बंगाल सरकार से अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दी जायेगी।

Correspondence Course in Delhi University

3668. SHRI RAM KISHAN GUPTA :
SHRI KAMALNAYAN BAJAJ :

Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state :

(a) the success achieved in steering Correspondence Courses in the University of Delhi ;

(b) the number of examinees who underwent Correspondence Courses in the year 1969-70 and the percentage of success at the examinations ; and

(c) whether these Courses are being extended and, if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (DR. V. K. R. V. RAO) : (a) The scheme of Correspondence Courses has been well received. In addition to the B. A. (Pass) Course, the School of Correspondence Courses now offers facilities for B. Sc. (Pass) and B. Com. (Pass) Courses. The enrolment has increased from 1,112 in 1962-63, when the school was started, to about 18,000 in 1969-70.

(b) Out of 2,220 candidates from the School, who appeared in the B. A. (Pass) Final examination held in April 1970, 1,007 passed, giving a pass percentage of 45.36.

(c) A proposal to start Correspondence Courses in certain subjects in M. A. and B. A. (Hons.) is under consideration of the University.

मध्य प्रदेश में सेन्ट्रल स्कूल

3669. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में कोई सेन्ट्रल स्कूल है और यदि हां, तो वे कहां पर स्थित हैं ;

(ख) क्या चालू वित्तीय वर्ष में वहां कोई नया सेन्ट्रल स्कूल खोला गया है और यदि हाँ, तो वह कहां पर खोला गया है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) मध्य प्रदेश में 7 केन्द्रीय विद्यालय (केन्द्रीय स्कूल) हैं। ये